Central Sanskrit University

[Established by an Act of Parliament]

56-57, Institutional Area, Janakpuri D-Block, New Delhi – 110058

अधिसूचना - 289

Date: 08.07.2023

विद्यावारिधि प्रवेश प्रक्रिया (सत्र 2022-23)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा विभिन्न विद्यास्थानों एवं विद्याशाखाओं में विद्यावारिधि (Ph.D.) में प्रवेश हेतु दिनांक 22 जनवरी, 2023 को विद्यावारिधि प्रवेश-परीक्षा तथा 29 अप्रैल से 02 मई, 2023 तक आयोजित वाक्परीक्षा के परिणाम के आधार पर विद्यावारिधि में प्रवेशार्ह विद्यार्थियों की द्वितीय वरीयता-सूची जारी की जाती है।

प्रवेशार्ह उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए अधोलिखित सूचनाएं ध्यातव्य हैं –

क्र.	दिनांक	प्रक्रिया
1.	08-11 जूलाई, 2023	SAMARTH के माध्यम से पञ्जीयन प्रक्रिया (शुल्क रु. 200) https://sanskritadm.samarth.edu.in/ विद्यावारिधि के लिए परिसर-निर्धारण हेतु विकल्पों को प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से गूगल लिंक के माध्यम से प्रदान करेंगे।
2.	12-14 जूलाई, 2023	प्रवेशार्थियों द्वारा समर्पित सूचनाओं/विकल्पों के आधार पर शोधकार्य हेतु परिसर का निर्धारण तथा इस सम्बन्ध में अधिसूचना का प्रकाशन
3.	17-19 जूलाई, 2023	शोधकार्य हेतु निर्धारित परिसर/शोध केन्द्र में ऑफलाइन माध्यम से परामर्श प्रक्रिया (Counselling) एवं योग्यता सम्बद्ध अभिलेखों का सत्यापन
4.	17-20 जूलाई, 2023	अधिसूचना (06.01.2023) के अनुरूप शुल्क समर्पण https://sanskrit.nic.in/uploads/2023_01_06_notification_rp_phd.pdf **प्रथम सत्रार्द्ध शुल्क** ▪ भारतीय विद्यार्थियों के लिए – Rs. 8,200

2. शास्त्रीय ज्ञान प्रणाली विद्यास्थान के अन्तर्गत विशेष रूप से पाण्डुलिपियों पर, समकालिक ज्ञान प्रणाली एवं बहुशास्त्रीय विज्ञान एवं प्रविधि आदि पर अनुसन्धान करने वाले अभ्यर्थियों की सूची भी जारी की जा रही है। इन अभ्यर्थियों को भी द्वितीय सूची में चयनित अभ्यर्थियों के साथ तालिका में प्रकाशित तिथियों के अनुरूप प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए निर्देशित किया जाता है।

3. प्रथम सूची के उन विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया हेतु पुनः अवसर दिया जा रहा है, जिनका प्रवेश, पञ्जीयन नहीं होने, त्रुटिपूर्ण पञ्जीयन होने, परिसर-निर्धारण हेतु विकल्प प्रस्तुत नहीं करने, सत्यापन नहीं कराने, प्रवेश-शुल्क जमा नहीं कराने तथा अन्य किन्हीं कारणों से नहीं हो पाया था, तथा जिन्होंने एतदर्थ पुनः अवसर प्रदान करने के लिए आवेदन किया था। ऐसे प्रवेशार्थियों के लिए विशेष निर्देश है कि तालिका में निर्धारित प्रवेश-प्रक्रिया के क्रमबद्ध चरणों में अपनी प्रवेश-प्रक्रिया पूरी करेंगे। ध्यातव्य है कि इन अभ्यर्थियों को परिसर-निर्धारण हेतु वरीयता में द्वितीय स्थान पर अवसर दिया जाएगा।

4. सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अनुसन्धानार्थ परिसर/शोध केन्द्र निश्चित होने पर सभी शोधार्थियों को 17 जूलाई, 2023 से सञ्चालित हो रही कक्षाओं में अनिवार्य उपस्थित रहना होगा।

प्रवेशार्थी उक्त निर्देशों के अनुसार प्रवेश-प्रक्रिया पूर्ण करेंगे, तथा यथासमय दी जाने वाली सूचनाओं के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे।

(प्रो. पवन कुमार)
परीक्षा नियन्त्रक

Prof. Pawan Kumar
Controller of Examinations
Central Sanskrit University
Under Ministry of Education, Govt. of India
56-57, Institutional Area,
Janakpuri, New Delhi - 110058